दिनांक 14 जनवरी 2021

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

घासीदास नगर हो रहा था अतिक्रमण , निगम की टीम ने किया बेदखल

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध निगम प्रशासन ने आज दो स्थानों पर कार्यवाही किए। घासीदास नगर में खाली जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत पर झोपड़ी बनाने वाले को बेदखल कर स्थल को कब्जा मुक्त करते हुए बांस बल्ली को जप्त किया गया। जोन 02 के घासीदास नगर में हुई कार्यवाही में राजस्व विभाग की टीम ने नाली पर अतिक्रमण करने वाले पर कार्यवाही किए। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुुवंशी ने भिलाई निगम क्षेत्रांतर्गत अवैध कब्जा व अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। आदेश के परिपालन में निगम का अमला लगातार अतिक्रमण करने वालों पर कार्यवाही कर रहा है। जोन 02 एआरओ संजय वर्मा ने बताया कि वार्ड 28 घासीदास नगर में कर्मा भवन के पास नाली निर्माण कार्य जारी है , जहां पर एक व्यक्ति द्वारा नाली के उपर बांस बल्ली से झोपड़ीनुमा मकान बनाकर कब्जा कर रहा था , साथ ही मवेशियों के लिए अतिरिक्त निर्माण किया था, जिसकी शिकायत मोहल्ले के नागरिकों द्वारा करने पर जोन आयुक्त के निर्देश पर आज जेसीबी के साथ निगम की टीम पहुंची और उसे बेदखल कर स्थल को कब्जा मुक्त कराया गया। इसी प्रकार घासीदास नगर में ही कोयला डिपो के पास एक व्यक्ति द्वारा जाली तार से घेरकर शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर रहा था! जिसे एक बार हटाया जा चुका था! परंतु कुछ दिन बाद पुनः उसी स्थान पर फिर से कब्जा करने की शिकायत प्राप्त होने पर निगम का अमला मौके पर पहुंचा और उसके द्वारा अवैध रूप से किए गए घेरे को ध्वस्त करते हुए बेदखल किया गया।

जनसम्पर्क अधिकारी